# सिर्फ डिग्री की गिनती के फेर में न रहे, काबिलियत के लिए पढ़ें- वित्त मंत्री

- वित्त मंत्री चौधरी ने कहा- संकल्प मजबूत होंगे तो विकल्पों की कमी नहीं होगी
- वित्त मंत्री चौधरी की छात्रों को सलाह-सही समय पर सही प्लानिंग सफल करियर का आधार
- करियर संबंधी मार्गदर्शन देने वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी बच्चों के बीच पहुंचे, सुनाए अपने जीवन अनुभव, दिए कई महत्वपूर्ण टिप्स
- नगर निगम ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ 'उत्कर्ष-भविष्य का निर्माण' कार्यक्रम व प्रतिभा सम्मान समारोह







**रायगढ़**

सिर्फ डिग्री पा लेना और उसकी संख्या बढ़ाना आपको कामयाबी के मुकाम तक नहीं लेकर जायेगा, स्किलफुल बनेंगे तो कामयाबी जरूर मिलेगी। इसलिए गिनती के फेर में न पड़ें और काबिलियत के लिए पढ़ें, वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने आज करियर काउंसलिंग के दौरान बच्चों को यह सलाह दी। वे आज स्कूल और कॉलेज के बच्चों के बीच उन्हें करियर संबंधी मार्गदर्शन देने जिला प्रशासन द्वारा आयोजित 'उत्कर्ष-भविष्य का निर्माण' कार्यक्रम में पहुंचे थे। उन्हें सुनने बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों के साथ शिक्षक और पालक भी पहुंचे थे।

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने एक घंटे के अपने संबोधन में छात्रों को अपनी अब तक जीवन अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि एक छोटे से गांव से निकल कर देश के प्रतिष्ठित आईएएस सेवा में चयन, प्रशासनिक करियर से लेकर राजनीतिक जीवन में प्रवेश और अब प्रदेश के वित्त मंत्री के रूप में कार्य करने का सफर कैसा रहा, क्या चुनौतियां रहीं, उनसे कैसे निपटे और भविष्य के लिए और बड़े लक्ष्य कैसे तय किए और उन्हें कैसे पूरा किया।

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि 11 साल की उम्र में अपनी मां के साथ जब रायगढ़ के कलेक्टर ऑफिस पहली बार आया था तभी से मन में ठान लिया था कि आगे चल कर आईएएस बनना है। इस सपने को मैने जिया, लगातार मेहनत की और 23 साल की एज में सबसे कम उम्र में से एक आईएएस बनने की उपलब्धि हासिल हुई। उन्होंने कहा कि बायंग गांव से निकल कर जब मैं आईएएस बन सकता हूं जिसके पिता का देहांत 8 वर्ष की उम्र में हो गया था और मां सिर्फ चौथी तक पढ़ी है तो आप में से हर कोई अपना सपना पूरा कर सकता है। बशर्ते आपको परिस्थितियों से हारना या घबराना नहीं है बल्कि उनका सामना करना है। संकल्प यदि मजबूत होगा तो विकल्पों की कमी नहीं होगी। हमारे सामने अनेकों उदाहरण हैं जो बताते हैं कि विषम परिस्थिति में भी अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने वाले सफलता की नई इबारत लिखते हैं। उन्होंने विराट कोहली के पिता के निधन के दिन अपनी टीम के लिए खेली गई बहुमूल्य पारी, आनंद कुमार के संघर्षों के बारे बताते हुए कहा कि इन सभी सफल लोगों ने कठिन परिस्थितियों को अपने ऊपर हावी होने नही दिया बल्कि उससे लड़े और जीते। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि भारत विकसित राष्ट्र बन रहा है। यहां अवसरों की कमी नहीं होगी। बस आपको अपने आप को तैयार करना है। गवर्नमेंट के साथ कॉरपोरेट सेक्टर में भी रोजगार के नए अवसर तैयार हो रहे हैं। आवश्यकता है आप अपना स्किल बढ़ाने पर काम करें। उन्होंने बताया कि आईएएस की नौकरी छोडऩे के बाद कृषि कार्य और शेयर मार्केट में ट्रेडिंग का काम सीखा। खेती-किसानी के वैज्ञानिक तरीकों का ज्ञान लिया, रिसर्च किया, एग्रोनॉमिक्स विशेषज्ञों से सीखने की कोशिश की जिसका पूरा लाभ आज उन्नत कृषि में ले रहा हूं। इसी प्रकार स्टॉक मार्केट की बारीकियां सीखी, देश के ट्रेड एक्सपर्ट को सुना और समझाए बहुत गहराई से मार्केट स्टडी की जिससे शेयर मार्केट में किया निवेश कई गुना तक बढ़ा पाया। यह सब बताने के पीछे का अर्थ यह है कि आप समझ लें कि जो करना चाहते हैं उसके बारे में पूरा ज्ञान लीजिए, एक्सपर्ट से सीखिए उसे अप्लाई कीजिए फिर कमाल देखिए। अंत में उन्होंने कहा कि सफलता और असफलता प्रयासों लेना दो ही परिणाम हो सकते हैं। असफल होने पर निराश नहीं होना है। कोई अनुचित कदम नहीं उठाना चाहिए। हमेशा याद रखें कि जिंदगी किसी एक एग्जाम, किसी एक प्रयास से कहीं ज्यादा कीमती है। इसलिए हमेशा सकारात्मक अप्रोच रखें। उन्होंने कलेक्टर कार्तिकेया गोयल और सीईओ जिला पंचायत के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित करियर गाइडेंस सेमिनार की सराहना की और कहा कि इस कार्यक्रम का नियमित आयोजन किया जाए जिससे छात्रों से संवाद बना रहे।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने भी बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने बच्चों से अपने समय का सदुपयोग करने और देश के भविष्य में अपना योगदान देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह समय महत्वपूर्ण है इसमें की गई मेहनत के जो परिणाम मिलते हैं उसका असर पूरे जीवन की दशा दिशा तय करते हैं।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, गुरूपाल भल्ला, मुकेश जैन, श्रीकांत सोमावार, सुभाष पाण्डेय, विवेक रंजन सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम पूनम सोलंकी, शोभा शर्मा, दीबेश सोलंकी, पंकज कंकरवाल, मुक्तिनाथ बबुआ, नरेश गोरख, डिग्री लाल साहू, सूरज शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला, नरेन्द्र चौधरी, के.के. स्वर्णकार, जे.के.राठौर, भूनेश्वर पटेल, आलोक स्वर्णकार, तरसिला एक्का उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन प्राचार्य राजेश डेनियल ने किया।

**सही समय पर सही प्लानिंग से बनेगा सफल करियर-** इस बात पर जोर दिया कि एक सफल करियर के लिए सही समय पर प्लानिंग और उसे अमल में लाना बेहद जरूरी है। छात्रों से कहा अभी आप ऐसे फेस में हैं जहां से 6-7 सालों की योजना बना कर जमकर मेहनत करेंगे तो आप अपने लक्ष्य को जरूर हासिल करेंगे। उन्होंने अपने व्यक्तित्व को सशक्त बनाने के लिए काम करने की सीख दी। उन्होंने अपने यूपीएससी इंटरव्यू का अनुभव बांटते हुए बताया कि इंटरव्यू में उनसे कहा गया कि आप सिर्फ ग्रेजुएट हैं। इस पर मेरा जवाब था कि आप ने ही इस परीक्षा के लिए योग्यता ग्रेजुएट तय किया है। इंटरव्यू लेने वाली मैडम ने फिर पूछा यदि परीक्षा के लिए योग्यता 12 वीं पास मांगी जाती तो, मैने कहा फिर मैं 12 वीं पास कर के ही इस एग्जाम में बैठ जाता। उन्होंने कहा यह बताने का मतलब यह है कि पढ़ाई ऐसी हो जो आपको अपने लक्ष्य हासिल करने में काबिल बनाए। उन्होंने आगे कहा कि लक्ष्य तय करना भी महत्वपूर्ण कार्य है। बहुत से लोग कई डिग्रियां ले लेते हैं लेकिन जीवन में करना क्या है इसको लेकर लगातार दुविधा में रहते हैं। यह दुविधापूर्ण मनोदशा घातक है। यह समय के साथ आपकी ऊर्जा भी नष्ट करते हैं। इसलिए सही समय पर सही प्लानिंग जरूरी है।

**जागो मोहन प्यारे से शुरू हुआ सफर लेकर गया यूपीएससी के निबंध तक-** अपने स्कूली दिनों को याद करते हुए उन्होंने बताया कि स्कूल में जब परीक्षा होती थी तो पाठ याद कर के जवाब लिखने को कहा जाता था। किंतु घर वालों ने कहा कि अपने मन से उत्तर लिखने का अभ्यास करो। इससे रचनात्मकता बढ़ती है। स्कूल में जागो मोहन प्यारे चैप्टर पर परीक्षा हुई। सुबह जल्दी क्यों उठना चाहिए सवाल पूछा गया। मैने अपने मन से उत्तर लिखा। यह उत्तर शिक्षक को तो पसंद नहीं आया किंतु इससे मेरी रचनात्मकता और कल्पनाशीलता को लेखनी में उतारने के लिए बल मिला। जिसका फायदा आगे चलकर यूपीएससी की परीक्षा में निबंध के पेपर में मिले। 200 में से 155 अंक आए थे। जो संभवत: उस वर्ष निबंध के पेपर में सर्वोच्च अंकों में से थे। उन्होंने कहा कि यह घटना इसलिए आपको बता रहा हूं कि हमेशा अपने स्किलसेट पर काम करें।

**बेसिक स्किल बढ़ाने लगातार करें मेहनत-** वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि छात्रों को अपनी बेसिक स्किल्स को बढ़ाने के लिए लगातार मेहनत करनी चाहिए। भाषा किसी भी छात्र के लिए सबसे बुनियादी कौशल है जिसमें उसे निपुण होना चाहिए। चाहे वह लेखनी में भाषा का उपयोग हो या अच्छे वक्ता के रूप में अपनी बातों का तरीका हो, जिन छात्रों का यह पक्ष मजबूत होता है उनकी सफलता की गुंजाइश काफी बढ़ जाती है। सिविल सर्विसेज हो या अन्य कोई प्रतियोगी परीक्षा हो में लेखन कौशल और इंटरव्यू में व्यक्तित्व को परखा जाता है। इसी तरह स्टेज फियर को भी छात्र जीवन में ही दूर कर लेना चाहिए। जिससे मंच मे हजारों लोगों की भीड़ के सामने भी आप अपनी बात आत्मविश्वास के साथ कह सकें। इसके साथ ही उन्होंने अपने आसपास देश दुनिया में जो सम-सामयिक मुद्दे चल रहे हैं उनको लेकर सजग रहने और अपनी समझ बढ़ाने पर बल दिया।

वित्त मंत्री चौधरी की किताब 'करियर मार्गदर्शिका' से 90 प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की मिलेगी जानकारी, नि:शुल्क वितरण

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि छात्रों को बारहवीं के बाद आगे किस फील्ड में क्या करियर ऑप्शन हो सकते हैं, उसकी परीक्षा कब और कैसे होती है, चयन के लिए अहर्ता, तैयारी की रणनीति का एक वृहत संकलन किताब के रूप 'कैरियर मार्गदर्शिका' के रूप में तैयार किया गया है। जिसमें 90 प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बारे में जानकारी मिलेगी। इसका नि:शुल्क वितरण कार्यशाला में आए छात्रों को किया गया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**रायपुर (आरएनएस)।** मानपुर रोड में कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नरेन्द्र वर्मा 34 वर्ष खपरीडीह सुहेला का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि मानपूर रोड में आरोपी कार क्रमांक सीजी 04 एमक्यू 3504 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार मेरे भाई को टक्कर मार दिया। जिससे उसके पैर फैक्चर हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 338 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### जेसीबी की टक्कर से एक्टिवा सवार युवक की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** बकतरा मोड़ मंदिरहसौद के पास जेसीबी वाहन की टक्कर से एक्टिवा सवार युवक की मौत हो गई। मामले में मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक वैभव शिव 21 वर्ष बालाघाट का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह एक्टिवा से कहीं जा रहा था, तभी बकतरा मोड़ मंदिरहसौद के पास जेसीबी वाहन क्रमांक सीजी 04 एनवी 7766 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोक दिया। जिससे वैभव की मौत हो गई। मामले में मंदिरहसौद पुलिस ने जेसीबी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## एसटी एससी युवाओं से अंत्योदय आदिवासी स्वरोजगार योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्तियों को स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने एवं स्वरोजगार से जोड़ने हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अंत्योदय या आदिवासी स्वरोजगार योजना संचालित की जा रही है। योजना में सेवा, व्यवसाय, कृषि, उद्योग आदि क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न प्रकार के व्यवसाय संचालित करने हेतु आवेदन आमंत्रित है।

योजना की पात्रता एवं शर्तें : आवेदक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग का हो। जाति एवं निवास पत्र प्रमाण पत्र सरपंच या पार्षद द्वारा एवं आय प्रमाण पत्र पटवारी द्वारा जारी प्रस्तुत करना होगा। आवेदक के परिवार का वार्षिक आय 15 लाख रुपए से अधिक ना हो। आवेदक का नाम राशन कार्ड में हो। आधार कार्ड, पैन कार्ड के छायाप्रति, पूर्व में किसी योजना में लाभ नहीं लिया हो का शपथ पत्र देना होगा। आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम तथा 50 वर्ष से अधिक ना हो। योजना में बैंक द्वारा ऋण स्वीकृति पर 50% या अधिकतम दस हजार रूपए जो भी कम हो अनुदान का प्रावधान है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के इच्छुक एवं पात्र व्यक्ति आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड एवं आधार कार्ड की छाया प्रति के साथ आवेदन कर सकते हैं। आवेदन टीसीपीसी परिसर खैरहा बिलासपुर रोड सारंगढ़ में कार्यालयीन समय में प्राप्त एवं जमा किए जा सकते हैं। आवेदन में कांट छांट, ओवर राइटिंग इत्यादि स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

## सड़कों पर आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम जरूरी

**रायपुर । आरएनएस**



मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न स्थानों की सडक़ों पर आवारा पशुओं के कारण हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिलों के कलेक्टर्स से चर्चा की और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार सडक़ों पर आवारा पशुओं के आ जाने के कारण हो रही दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति की आज बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सडक़ों पर आवारा पशुओं के जमावाड़ा के कारण हो रही दुर्घटनाओं के चिन्हांकित स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाए। सडक़ों पर आने वाले पशुओं को पकडक़र गौशालाओं में समुचित व्यवस्था के साथ रखा जाए। चिन्हांकित मार्गो पर पशु हटाने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य सचिव ने कहा है कि सडक़ों पर आवारा अथवा पालतु पशुओं के पाए जाने पर उन्हें हटाने के लिए एक निश्चित व्यवस्था की जाए। बैठक में विभिन्न जिलों के कलेक्टर ने बताया कि सडक़ों पर पशुओं को आने से रोकने के लिए विभिन्न विभागों के सहयोग से कार्यवाही की जा रही है तथा सडक़ों पर पशु पाए जाने पर उन्हें गौशालाओं में रखा जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्गो पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हाईवे एडवांस ट्रॉफिक मेनेजमेंट सिस्टम को तैयार किया जा रहा है। इसी तरह से पुलिस विभाग द्वारा सडक़ों पर पेट्रोलिंग की जा रही है। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित बैठक में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, नगरीय प्रशासन एवं मुख्यमंत्री के सचिव बसवराजू एस., लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, सहित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, पशुपालन विभाग, नवा रायपुर विकास प्राधिकरण, सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी, जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

## डीआरजी धमतरी एवं सीआरपीएफ ने बरामद की माओवादियों की दैनिक उपयोग की सामग्री

**धमतरी । आरएनएस**




डीआरजी धमतरी एवं सीआरपीएफ 211 की संयुक्त कार्यवाही करते हुए माओवादियों द्वारा एकत्र एवं छिपाये हुए तीन डम्प से में राशन चायपत्ती सोलर प्लेट एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री जब्त की है।

बता दें कि जिला धमतरी में वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सूचना मिली कि माओवादियों द्वारा ग्रामीणों को डरा-धमकाकर लेवी एवं राशन को इक_ा किया गया है और इसको गड्ढा व सुरंग खोदकर डम्प किया गया है। सूचना मिलने पर डीआरजी धमतरी एवं सीआरपीएफ 211वी वाहिनी को विशेष नक्सल सर्च अभियान पर दिनांक 22-06-2024 को रवाना किया गया। 5 दिवस तक चले इस अभियान में तीन अलग-अलग जगह यथा टापरापानी (कोण्डागांव-धमतरी सीमा), एकावरी (थाना बोरई) एवं मुंहकोट (थाना खल्लारी के जंगलों से माओवादियों द्वारा डम्प की हुई राशन एवं खाद्य सामग्री इलेक्ट्रिकल उपकरण एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई। यह सामग्री माओवादियों द्वारा बड़े-बड़े गड्ढ़े एवं सुरंग का निर्माण कर पत्तों से ढंक़कर छिपाई गई थी। बताया जाता है कि यह सामग्री रावस समन्वय कमेटी के माओवादियों द्वारा डम्प की गई थी और इसका उपयोग माओवादियों द्वारा वर्षा ऋ तु के दौरान किया जाता है।

पुलिस ने माओवादियों के डम्प से निम्र सामग्रियों बरामद की है। सोलर प्लेट मय तार 1 नग, चांवल 120 किलो,दाल 11 किलो,शक्कर 6 किलो,चायपत्ती 28 पैकेट,हल्दी पाउडर 15 पैकेट,तेल 16 लीटर,चप्पल 4 जोड़ी,अन्तवस्त्र 14 नग,गमछा 3 नग तथा 5 डिब्बा शिलाजीत।

## कृष्णा बुक पैनल से सट्टा संचालित करते 5 सटोरिए गिरफ्तार

- वर्ल्ड कप फाइनल से पहले कोरबा पुलिस की ऑनलाइन सट्टा पर बड़ी कार्यवाही

**कोरबा । आरएनएस**

कोरबा पुलिस ने ऑन लाईन सट्टेबाजी पर बड़ी कार्यवाही करते हुए क्रिकेट वल्डकप के मैचों में सट्टा संचालन कर रहे पांच सेटोरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी अंबिकापुर में बैठकर सट्टे का संचालन कर रहे थे जहां दबिश देकर पुलिस ने सटोरियों को गिरफ्तार किया तथा उनके पास से लैपटॉप 02 नग, स्मार्ट मोबाईल फोन 21 नग, सिम 26 नग, चेक बुक 37 नग, ए.टी.एम. 72 नग, तथा 02 नग बाईक को किया गया है जप्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रविंद्र कुमार मीना एवं कोरबा पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी सायबर सेल को सीजन में क्रिकेट मैच के दौरान सट्टा खेलने/खिलाने वालों एवं इस कारोबार में संलिप्त लोगों की पतासाजी कर आवश्यक कार्यवाही करने के साथ ही क्रिकेट सट्टा के कारोबार पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में चौकी रजगामार थाना बालको के अपराध क्रमांक 338/24 धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7,8 एवं 66 (सी) आई.टी. एक्ट के प्रकरण में सायबर सेल तथा चौकी रजगामार पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सूचना मिली कि रजगामार निवासीअर्पित अग्रवाल, आदित्य चौहान नामक व्यक्ति ऑनलाइन सट्टा अपने साथियों के जरिए खिला रहे है। पुलिस टीम के द्वारा उक्त स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर दबिस दिए अर्पित अग्रवाल घर पर नहीं मिला तब आदित्य चौहान के बारें मे सूचना मिली की वह अपने घर पोड़ी बहार में है तब स्टाफ के सांथ जाकर घेराबंदी कर उसके घर के पास आदित्य चौहान को पकडे. जिसे पूछताछ करने पर अपना नाम आदित्य चौहान पिता विजय सिंह चौहान उम्र 22 वर्ष साकिन पोड़ीबहार का निवासी बताया जिसे ऑन लाईन खिलाने के संबंध में पूछताछ किया गया उसके निशानदेही पर पुलिस टीम द्वारा अम्बिकापुर गांधी चौक वसुंधरा सिटी के पास जाकर पुलिस टीम के उक्त स्थान पर दबिस देकर 04 लोगो को ऑनलाइन पेनल चलाते हुए पकड़ा गया। सटोरियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा क्रिकेट मैच के दौरान कृष्णा बुक तथा ऑल बुक पैनल के माध्यम से ऑन लाईन सट्टा का संचालन स्वीकार किया गया। जिस पर सभी 05 सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लैपटॉप 02 नग एवं मोबाईल फोन 21 नग 02 नग मोटर सायकल बुलेट सीजी 15 डीबी 3142 एवं हीरो ग्लेमर सीजी 16 सीजी 1726 जुमला कीमती लगभग 6,60,000 रूपये जप्त किया गया। सटोरियों के 37 नग विभिन्न बैंकों के चेक एवं 72 नग ए.टी.एम. कार्ड 09 पासबुक एवं 26 नग सिम जप्त कर साइबर सेल के द्वारा उसमें जांच किया जा रहा है जांच मे अब तक अलग-अलग बैंकों के कुल 85 खातों की जानकारी मिली है। जिनको होल्ड/फिज कराया जा रहा है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU